मध्य प्रदेश में स्वीकृत किए गए टेलीफोन कनेक्शन

2519. **श्री अजीत जोगी :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंदौर, रायपुर, बिलासपुर, ग्वालियर और भोपाल सहित मध्य प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किये गये टेलीफोन कनेक्शनों में से इस समय टेलीफोन कनेक्शन हेतु जिलावार लंबित आवेदन-पत्रों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या ये टेलीफोन कनेक्शन दे दिये गये हैं;

(ग) यदि हां, तो जिला-वार कितने आवेदन-पत्रों का निपटान कर दिया गया है ; और

(घ) शेष आवेदकों को कब तक टेलीफोन कनेक्शन दिये जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) 26-7-83 की स्थिति के अनुसार, कुल 193 मामले विचाराधीन है । जिलेवार ब्यौरे अनुबंध-I में दिये गये हैं ।

(ख) 3337 आवेदनों में से, 3144 टेलीफोन कनेक्शन संस्थापित कर दिये गये हैं ।

(ग) अपेक्षित सूचना विवरण (नीचे देखिए) में दी गई है ।

(घ) 193 विचाराधीन मामलों के ब्यौरे इस प्रकार हैं:-

1. 158 मामले : उपभोक्ताओं द्वारा वाणिज्यिक औपचारिकतायें न पूरा किये जाने के कारण विचाराधीन हैं ।

2. 26 मामले : अगले 15 दिनों के भीतर टेलीफोन कनेक्शन प्रदान कर दिये जायेंगे ।

3. 9 मामले : इन मामलों में टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करना इस समय तकनीकी रूप से व्यवहार्य नहीं है, अगले 6 से 8 महीनों के भीतर प्रदान कर दिये जायेंगे ।

दूरसंचार विभाग

म०प्र० दूरसंचार सर्किल भोपाल

क्र०सं०	जिला	बिना बारी स्वीकृत विचाराधीन टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या	निपटाये गये बिना बारी स्वीकृत टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या
1		2	3
1.	बालाघाट	शून्य	24
2.	बस्तर	शून्य	43
3.	बेतुल	2	19
4.	भिण्ड	3	40
5.	भोपाल	43	279
6.	बिलासपुर	6	140
7.	छत्तरपुर	शून्य	2

1	2	3
8. छिंदवाड़ा	2	16
9. दमोह	1	15
10. दतिया	शून्य	7
11. देवास	शून्य	25
12. धार	शून्य	39
13. दुर्ग	शून्य	81
14. गुना	3	18
15. ग्वालियर	2	219
16. होशंगाबाद	2	39
17. इंदौर	66	1018
18. जबलपुर	14	190
19. झबुआ	शून्य	6
20. खाण्डवा	शून्य	41
21. खरगोन	2	18
22. मंदसौर	1	51
23. माण्डला	शून्य	1
24. मुरैना	11	22
25. नरसिंहपुर	2	18
26. पन्ना	शून्य	10
27. रायगढ़	शून्य	29
28. रायपुर	11	184
29. रायसेन	शून्य	2
30. राजनन्दगांव	शून्य	49
31. राजगढ़	शून्य	11
32. रतलाम	शून्य	78
33. रीवा	12	127
34. सागर	4	86
35. सतना	1	98
36. सेहोर	शून्य	5
37. सिवनी	शून्य	33
38. शहडोल	1	11
39. शाजापुर	शून्य	2
40. शिवपुरी	2	18
41. सिधों	शून्य	2
42. सरगुजा	शून्य	43
43. टीकमगढ़	शून्य	11
44. उज्जैन	2	58
45. विदिशा	शून्य	27
जोड़	193	3144